पत्रांक- DHEsec5/AFFILLIATION-COLLEGES-5/2020/HTESD................/

झारखंड सरकार

उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग

(उच्च शिक्षा निदेशालय)

योजना भवन, नेपाल हाउस परिसर, डोरंडा, रांची-2

प्रेषक,

निदेशक, उच्च शिक्षा,
झारखंड, रांची।

सेवा में,

कुलसचिव,
बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय, धनबाद।

रांची, दिनांक-........................./

विषय:- **राजीव गांधी मेमोरियल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, डिगवाडीह, धनबाद को एम0एड0 पाठ्यक्रम में शैक्षणिक सत्र 2020-22 से स्थायी संबंधन प्रदान करने के संबंध में।**

प्रसंग:- आपका पत्रांक-1009/2020 दिनांक-21.10.2020

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रसंगाधीन पत्र के संबंध में कहना है कि राजीव गांधी मेमोरियल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, डिगवाडीह, धनबाद को एम0एड0 पाठ्यक्रम में शैक्षणिक सत्र 2020-22 से स्थायी संबंधन प्रदान करने संबंधी प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। विश्वविद्यालय की अनुशंसा के आलोक में उक्त प्रस्ताव पर सम्यक विचारोपरांत राज्य सरकार द्वारा बिना किसी वित्तीय भार के अद्यतन परिनियम के प्रावधान के आलोक में कंडिका-2 में अंकित शर्तों के अधीन स्थायी संबंधन के प्रस्ताव पर निम्नांकित विवरणी के अनुसार स्वीकृति प्रदान की जाती है:-

कॉलेज का नाम	पाठ्यक्रम	सत्र/सीट	NCTE Recognition संबंधी पत्रांक/दिनांक
राजीव गांधी मेमोरियल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, डिगवाडीह, धनबाद	एम0 एड0	2020-22 से 50 सीट के लिए	पत्रांक-55371 दिनांक-14.12.2017

2. शर्तें:-

(i) विभाग द्वारा महविद्यालय का कभी भी औचक निरीक्षण किया जा सकेगा एवं किसी भी प्रकार की अनियमितता पाये जाने या NCTE/राज्य सरकार/विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित मापदंड के अनुरूप व्यवस्था नहीं पाये जाने पर संबद्धता समाप्त करने की नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी।

(ii) महाविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय के निरीक्षण प्रतिवेदन में दिये गए सुझाव एवं शर्तों तथा पूर्व में विभाग द्वारा लगाए गए शर्तों का अनुपालन समय सीमा के अंदर किया जाना सुनिश्चित करेगा।

(iii) महाविद्यालय NCTE द्वारा लगाए गए शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित करेगा।

(iv) यह पूर्णतः वित्त रहित होगा अर्थात महाविद्यालय के संचालन हेतु पड़ने वाले वित्तीय भार का वहन महाविद्यालय स्वयं करेगी।

(v) महाविद्यालय राज्य सरकार द्वारा निर्गत परिनियम में वर्णित प्रावधान का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करेगा।

विश्वासभाजन.

ह0/-
(ए0 मुथुकुमार)
निदेशक, उच्च शिक्षा।

ज्ञापांक:- DHEsec5/AFFILLIATION-COLLEGES-5/2020/HTESD...148..../ रांची, दिनांक:-...05/02/2021...

प्रतिलिपि:-प्राचार्य/सचिव, राजीव गांधी मेमोरियल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, डिगवाडीह, धनबाद को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(ए0 मुथुकुमार)
निदेशक, उच्च शिक्षा।